Title: Need to set up industries in Siwan Parliamentary Constituency, Bihar.

मोहम्मद शहाबुद्दीन (सिवान) : सभापति महोदय, बिहार राज्य के विभाजन के पश्चात शो बिहार की आर्थिक स्थिति को सुधारने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया आश्वासन पूरा नहीं होने से राज्य में गम्भीर संकट उत्पन्न हो गया है। मेरा निर्वाचन क्षेत्र सीवान राज्य एक प्रमुख जिले के साथ-साथ देश के प्रथम राट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद की जन्मस्थली भी है। अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि सीवान के विकास हेतु वहां उद्योग लगाया जाए। सीवान में उद्योग खास कर कृिा आधारित उद्योग हेतु आधारभ्ाुत संरचना पहले से उपलब्ध है। इसलिए मैं पुनः सीवान जिले में बंद पड़े उद्योगों को चालू करवाने एवं नए उद्योग लगाने की पुरजोर मांग करता हूं जिससे राज्य के पूरे उत्तरी भाग लाभान्वित होंगे।